# संगठन, सेवा और राष्ट्रभावना के जीवंत प्रतीक

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधिवत पूजा-अर्चना की और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं भी रहे उपस्थिति



**मुंबई,28 अक्टूबर. भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और जनसेवा की भावना को नई दिशा देने के उद्देश्य से मंगलवार को मुंबई में महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के नए कार्यालय का भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधिवत पूजा-अर्चना की और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न कराया. उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि संगठन, सेवा और राष्ट्रभावना के जीवंत प्रतीक होते हैं.**

राज्य की राजधानी में बनने वाला यह नया कार्यालय लगभग 55 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में निर्मित होगा. इसमें छह कॉन्फ्रेंस रूम, एक आधुनिक लाइब्रेरी, 400 सीटों वाला ऑडिटोरियम, मल्टीलेवल पार्किंग और मेडिकल सुविधा केंद्र जैसी आधुनिक सुविधाएँ होंगी. अमित शाह ने कहा कि यह भवन कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत और पार्टी के वैचारिक विकास का केंद्र बनेगा. पार्टी नेताओं ने बताया कि यह कार्यालय भाजपा के सिद्धांतों के संरक्षण और संवर्धन का केंद्र बनेगा. यहां युवा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, विचार मंथन और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी. अमित शाह ने विश्वास जताया कि यह नया भवन आने वाले वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में संगठनात्मक मजबूती और जनता के विश्वास का प्रतीक बनेगा.

### नागालैंड के लिए 20 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि मंजूर की

**नयी दिल्ली.** केन्द्र सरकार ने अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित नागालैंड को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जारी करने की स्वीकृति दी है .केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई बैठक में सहायता राशि जारी करने की मंजूरी दी गयी. नागालैंड को यह राशि वर्ष 2025-26 के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए राज्य आपदा मोचन बल में केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में जारी की जा रही है . गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है .

# 46 प्रशासनिक अधिकारी बदले गए

**लखनऊ,28 . उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मंगलवार को 46 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी हैं. इनमें तीन मंडलायुक्त, दस जिलाधिकारी, कई मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष शामिल हैं.**



नई सूची के अनुसार, अब तक विंध्याचल के मंडलायुक्त रहे बालकृष्ण त्रिपाठी को सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव बनाया गया है, जबकि राजेश प्रकाश नए विंध्याचल मंडलायुक्त होंगे. उ.प्र. राज्य मानवाधिकार आयोग की सचिव धनलक्ष्मी के. को मत्स्य विभाग का महानिदेशक बनाया गया है. वहीं, सहारनपुर के मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार होंगे और मेरठ के नए मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी बनाए गए हैं.

अटल कुमार राय, जो सहारनपुर के मंडलायुक्त थे, अब सचिव गृह विभाग होंगे. मेरठ के मंडलायुक्त डॉ. ह्रषिकेश भास्कर याशोद को सचिव, राजस्व विभाग एवं राहत आयुक्त का दायित्व दिया गया है. मयूर माहेश्वरी को विद्युत उत्पादन निगम और पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है. जिलाधिकारियों में भी बड़े बदलाव किए गए हैं. हाथरस के डीएम राहुल पांडेय को विशेष सचिव, राज्य कर विभाग बनाया गया है, जबकि अतुल वत्स अब हाथरस के नए डीएम होंगे. अमनदीप डुली को अपर आयुक्त (मनरेगा) और अभिषेक आनंद को विशेष सचिव (आबकारी) बनाया गया है. राजा गणपति आर. अब सीतापुर के डीएम होंगे, वहीं कृत्तिका ज्योत्सना बस्ती की नई जिलाधिकारी बनी हैं. शिवशरणप्पा जीएन को सिद्धार्थनगर से चित्रकूट भेजा गया है, और पुलकित गर्ग अब चित्रकूट के डीएम होंगे.

> अमित पाल को कौशांबी का डीएम बनाया गया है, जबकि विपिन कुमार जैन बलरामपुर के नए जिलाधिकारी होंगे. इसके अलावा कई नगर आयुक्त, सीडीओ और विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों का भी फेरबदल हुआ है. इनमें हिमांशु नागपाल, अक्षत वर्मा, पूर्ण वोहरा, ऋषि राज, गुंजन द्विवेदी, सत्य प्रकाश, और आकांक्षा राणा जैसे नाम प्रमुख हैं.

# सौर ऊर्जा समावेशी विकास का माध्यम

**नयी दिल्ली 28 अक्टूबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सौर ऊर्जा को केवल बिजली उत्पादन ही नहीं बल्कि सशक्तिकरण और समावेशी विकास का माध्यम बताते हुए कहा है कि इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करते हुए पारिस्थितिक संतुलन पर ध्यान दिये जाने की भी जरूरत है.**

श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा (आईएसए) के आठवें सत्र के उद्घाटन सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि आईएसए मानवता की साझा आकांक्षा - समावेशिता, सम्मान और सामूहिक समृद्धि के स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा का उपयोग करने का प्रतीक है. राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता बताई और कहा कि भारत इस संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में ठोस कदम उठा रहा है. उन्होंने कहा कि आईएसए सौर ऊर्जा को अपनाने और इसके इस्तेमाल को प्रोत्साहित करके इस वैश्विक चुनौती से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

> मुर्मु ने समावेशिता की भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि सुदूर क्षेत्रों में घरों को रोशन कर सरकार ने सामाजिक समानता के अनुरूप कार्य किया है . उन्होंने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देती है, और ऐसे अवसरों के द्वार खोलती है जिनका प्रभाव बिजली की आपूर्ति से कहीं आगे तक है . उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा केवल बिजली उत्पादन ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण और समावेशी विकास का भी प्रतीक है . राष्ट्रपति ने सभी सदस्य देशों से बुनियादी ढांचे से आगे बढ़कर लोगों के जीवन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और कहा कि इस सभा को सामूहिक कार्य योजना विकसित करनी चाहिए जो सौर ऊर्जा को रोजगार सृजन, महिला नेतृत्व, ग्रामीण आजीविका और डिजिटल समावेशन से जोड़े .



### गन्ने के दाम पर भड़के किसान, सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

**हरिद्वार/लक्सर.** उत्तराखंड में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को लक्सर में सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही गन्ने का उचित मूल्य 500 प्रति कुंतल घोषित नहीं किया गया, तो किसान लक्सर शुगर मिल गेट पर धरना-प्रदर्शन करेंगे. प्रदेश अध्यक्ष जोध सिंह ने कहा कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश की तर्ज पर गन्ने का रेट तय करने की बात तो करती है लेकिन व्यवहारिक तौर पर किसानों का शोषण जारी है. उन्होंने कहा कि शुगर मिल जल्द शुरू होने वाली है, ऐसे में किसान दो वर्षों से लगातार मूल्य वृद्धि की मांग कर रहे हैं, पर सरकार ने अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया.

# चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षा तंत्र जरूरी

**नयी दिल्ली 28 अक्टूबर. नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने समुद्री क्षेत्र में गैर पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र की जरूरत पर बल दिया है. एडमिरल सिंह ने मंगलवार को यहां सातवें हिन्द प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2025 (आईपीआरडी) में उद्घाटन भाषण देते हुए यह बात कही.**



इस संवाद का थीम समग्र समुद्री सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देना: क्षेत्रीय क्षमता निर्माण और क्षमता वृद्धि है. उन्होंने कहा कि बड़ी समुद्री शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा, सरकार से इतर तत्वों और गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों के कारण समुद्री क्षेत्र में रणनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है. उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक समुद्री तंत्र की जरूरत है.

इसके बाद बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर और दक्षिण अफ्रीका के पांच प्रतिष्ठित वक्ताओं के साथ एक दिलचस्प सत्र हुआ जिसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन के सुरक्षा प्रभावों से निपटने के लिए सहकारी क्षमता निर्माण और क्षमता वृद्धि पर अपने विचार रखे. इस सत्र में यह बात सामने आई कि जलवायु परिवर्तन के संयुक्त प्रभाव मूल्यांकन और इसके प्रभावों को कम करने के लिए एक अखिल-क्षेत्रीय कार्य योजना तैयार करने की जरूरत है.

> इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भारत के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए समुद्री क्षेत्रों, विशेष रूप से हिन्द प्रशांत के महत्व पर जोर दिया . उन्होंने कहा कि भारत की महासागर की समुद्री नीति क्षेत्र में सभी के लिए समृद्धि और सुरक्षा की परिकल्पना करती है . उन्होंने इस लक्ष्य को हांसिल करने के लिए सहयोग और समन्वय को मुख्य साधन बताया .

### तस्करी मामले में दो विदेशी नागरिकों समेत सात के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नयी दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी और धन शोधन मामले की चल रही जांच में तंजानिया और जिम्बाब्वे के दो विदेशी नागरिकों समेत सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आरोपियों में तंजानियाई नागरिक-वेदास्तो औडैक्स , जिम्बाब्वे नागरिक-मासूम उइके, चिराग दुधात, तारिरो ब्राइटमोर मंगवाना और भारतीय नागरिक- रेशमा वाडेकर, मंगेश वाडेकर और निबू विंसेंट शामिल हैं. यह जांच गोवा पुलिस ने कोकीन की तस्करी के संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई.

## एक नजर में

### प्रियंका गांधी का दो दिवसीय वायनाड दौरा

**नयी दिल्ली .** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी . पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 29 और 30 अक्टूबर को वायनाड दौरे पर रहेंगी और इसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगी . वह वायनाड में राजीव गांधी मेमोरियल सरकारी आयुर्वेद औषधालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगी . इसके अलावा मोबाइल डिस्पेंसरी के लिये एंबुलेंस को हरी झंडी दिखायेंगी और कोडेनचेरी ग्राम पंचायत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी . वह सुल्तान बाथरी में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने के अलावा कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगी .



### बंगलादेश में डेंगू के 983 मामले, 6 मरीजों की मौतें


**ढाका .** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले सामने आए और छह और लोगों की मौत हुई है . देश भर के विभिन्न अस्पतालों में लगभग 2,800 डेंगू के मरीज इलाज करा रहे हैं . इस साल अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या 66,423 और मृतकों की संख्या 269 तक पहुंच गयी है . स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है . डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में अब तक डेंगू के 19,081 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि इससे पहले सितंबर में 15,866 मामले दर्ज किए गए थे . डेंगू के मच्छरों के काटने से अक्टूबर में अभी तक 71 मरीजों की जान जा चुकी है जबकि सितंबर में डेंगू से 79 लोगों की मौत हुई थी .

### यूपीएससी अभ्यर्थी की हत्या का मामला सुलझाया

**नयी दिल्ली .** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कहा कि गांधी विहार में यूपीएससी अभ्यर्थी की नृशंस हत्या का मामला सुलझा लिया गया है और इस मामले में एक छात्रा समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है .दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बीएससी फोरेंसिक साइंस की छात्रा अमृता चौहान (21), उनके पूर्व प्रेमी सुमित कश्यप (27) और संदीप कुमार (29) के रूप में हुई है . ये सभी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं . उन्होंने बताया कि गत छह अक्टूबर को गांधी विहार में चौथी मंजिल पर स्थित एक घर में आग लगने की सूचना मिली थी . आग बुझाने के बाद, पुलिस को उस पते पर रहने वाले यूपीएससी अभ्यर्थी राम केश मीणा का गंभीर रूप से जला हुआ शव मिला . प्रारंभिक जांच में संदिग्ध परिस्थितियों का पता चला . सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो नकाबपोश व्यक्ति आधी रात के आसपास इमारत में दाखिल होते हुए दिखाई दिए, जिसके बाद अमृता चौहान और एक अन्य व्यक्ति लगभग 2:57 बजे इमारत से बाहर निकले .

# केजरीवाल ने श्रद्धा और भक्ति से भरा संदेश साझा किया

**दिल्ली,28 अक्टूबर. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति से भरा संदेश साझा किया. उन्होंने ट्विटर पर उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की गहराई, मातृशक्ति की तपस्या और सूर्य उपासना की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है.**



केजरीवाल ने कहा कि छठ पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह पर्यावरण, अनुशासन और शुद्धता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी संदेश देता है. उन्होंने सभी व्रती माताओं और बहनों को उनके कठिन व्रत, उपवास और तपस्या के लिए नमन किया. कहा कि यह पर्व समाज को एकजुटता, त्याग और आस्था की शक्ति का एहसास कराता है. केजरीवाल ने प्रार्थना की कि सूर्य देव अपने प्रकाश और ऊष्मा से सबके जीवन को सुख, शांति और समृद्धि से आलोकित करें.

## आज का इतिहास

1709- इंगलैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किया.

1794- फ्रांसीसी सैनिकों ने वेंलो पर कब्जा कर लिया.

1864- यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया.

1923- 24 जुलाई को लॉज़ेन की संधि ने तुर्की के मुस्तफा केमल अतातुर्क के साथ पहले राष्ट्रपति के रूप में निर्माण किया.

1923- मुस्तफा केमल अतातुर्क तुर्की के पहले राष्ट्रपति बने.

1942- नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की.

# सरकार ने अग्निवीरों के साथ किया धोखा

**नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर. कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा.**



कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए.

उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है. ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही %जय जवान अभियान% चलाया था और अब जय जवान अभियान का दूसरा भाग चल रहा है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है.

कर्नल चौधरी ने कहा हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए. मोदी सरकार अगर ऑपरेशन सिंदूर में अच्छा काम करने वाले सैनिकों को प्रोत्साहन नहीं दे सकती थी तो उन्हें धोखा भी नहीं दिया जाना चाहिए था.

# राजद के 27 नेता पार्टी से निष्कासित

**पटना, 28 अक्टूबर . राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेतृत्व ने दल के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने या पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की वजह से 27 नेताओं को तत्काल प्रभाव से सभी पदों से हटाते हुए छः वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है.**

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विधानसभा सदस्य छोटेलाल यादव और मो कामरान, पूर्व विधायक रामप्रकाश महतो, अनिल सहनी,सरोज यादव, अनिल यादव, पूर्व विधान पार्षद गणेश भारती , महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितू जायसवाल के साथ हीं पार्टी के पदाधिकारियों अक्षय लाल यादव,रामसखा महतो, अवनीश कुमार,भगत यादव, मुकेश यादव, संजय राय, कुमार गौरव, राजीव कुशवाहा, महेश प्र गुप्ता, वकील प्रसाद यादव, पूनम देवी, सुबोध यादव, सुरेन्द्र प्र यादव, नीरज राय , अनिल चन्द्र कुशवाहा, अजीत यादव, मोती यादव, रामनरेश पासवान एवं अशोक चौहान को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है. राजद प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के नाम या फोटो के प्रयोग की इजाजत नही है.

### मंत्री मंगल पांडेय की प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार में प्रथम चरण में छह नवंबर को 121 सीटों पर होने वाले चुनाव में सीवान जिले की आठ विधानसभा सीटों में से तीन सीटों महाराजगंज, रघुनाथपुर और बड़हरिया में विभिन्न दलों ने अपने विधायकों को बेटिकट कर नये प्रत्याशियों को चुनावी दंगल में उतारा है ,वहीं सीवान सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता और मंत्री मंगल पांडेय के साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कद्दावर नेता अवध बिहारी चौधरी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है . सीवान जिले में आठ विधानसभा सीटें जीरादेई, सीवान, दरौली (सुरक्षित), दरौंधा, गोरियाकोठी ,महाराजगंज, रघुनाथपुर और बड़हरिया है.सीवान में महागठबंधन का पलड़ा भारी है . सीवान, रघुनाथपुर और बड़हरिया में राजद, महारागंजगंज में कांग्रेस, जीरादेई और दरौली में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवदी लेनिनवादी जबकि दरौंधा और गोरियाकोठी में भाजपा का कब्जा है . प्रथम राष्ट्रपति डॉ . राजेन्द्र प्रसाद की जन्मभूमि और कुष्ठ रोग के उन्नमूलन के लिए शुरू हुए राजेन्द्र सेवाश्रम के लिए प्रसिद्ध जीरादेई विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले ने विधायक बाहुबली अमरजीत कुशवाहा पर फिर से दांव लगाया है .



### अलौली सीट से रामविलास ने की थी पारी की शुरूआत

दलितों के करिश्माई नेता राम विलास पासवान ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की नौकरी छोड़ कर वर्ष 1969 में खगड़िया जिले की अलौली (सुरक्षित) सीट से अपनी सियासी पारी की शुरूआत की और सफलता के शिखर पर पहुंचे और अब इसी सीट से उनके भतीजा यशराज पासवान भी अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत कर रहे हैं . 'गूंजे धरती आसमान, रामविलास पासवान' जैसे नारों के बीच हाजीपुर लोकसभा सीट से वर्ष 1977 में अपनी शानदार संसदीय पारी की शुरूआत कर विश्व रिकार्ड बनाने वाले और आठ बार इस सीट से जीत हासिल करने वाले राम विलास पासवान वर्ष 1969 में डीएसपी बने थे . पुलिस की नौकरी में मन नही लगा तो उन्होने राजनीति में आने का बड़ा फैसला कर लिया . राम विलास पासवान ने पहली बार वर्ष 1969 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर अलौली सुरक्षित विधानसभा सीट से चुनाव जीता और यहीं से उनके राजनीतिक जीवन की दिशा निर्धारित हो गई . राम विलास पासवान के पिता नहीं चाहते थे कि वे राजनीति में अपना भविष्य आगे देखें .



# पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार डेढ़ करोड़ की बरामद चरस

**नोएडा 28 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के नोएडा पुलिस ने सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार देर रात एक व्यक्ति की गिरफ्तार कर उसके पास से करीब डेढ़ करोड़ की चरस बरामद की है.**

पुलिस ने बताया कि नोएडा सेक्टर 58 थाना पुलिस ने सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के नजदीक से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली. युवक के पास से तीन किलो चरस बरामद की गयी जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत आंकी गयी है.


नोएडा सेक्टर 58 थाना पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि एक गिरोह द्वारा नोएडा के शिक्षण संस्थान तथा स्कूल, कॉलेजों के आस पास मादक पदार्थ (चरस) की तस्करी की जा रही है.

मंगलवार को नोएडा पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया गया कि नोएडा प्रथम जोन सेक्टर 58 थाना पुलिस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं इंटेलीजेंस पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए तस्कर के पास ये डेढ़ करोड़ रुपए कीमत का चरस बरामद किया गया है जिसे तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य हिमाचल और अन्य पहाड़ी क्षेत्रों से सस्ते दामों में लाकर यहां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के आसपास खपाकर गैर कानूनी रूप से महंगे दामों में बेचते हुए बड़ी रकम की कमाई करते हैं.

**बिहार प्रतिभाओं की खान** | **अवसर मिले तो युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं**

# बिहार सरकार दो दशक से घोंट रही है युवाओं का गला

**नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा-जद-यू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी है और पिछले दो दशक के दौरान नीतीश सरकार ने युवाओं की आंकांक्षाओं का सिर्फ गला घोंटा है.**



उन्होंने मंगलवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं की खान है और यदि अवसर मिले तो वहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं .लेकिन बिहार में दो दशक से जो सरकार चल रही है उसने वहां के युवाओं को अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है. उनका कहना था कि इस वक्त बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और बिहार के लोगों का स्वाभिमान जागने लगा है. बदलाव की बयार के इसी हिसाब से इस बार महागठबंधन अपना न्याय संकल्प दोहरा रहा है.

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बिहार के युवाओं के साथ हाल ही में हुई अपनी वार्ता का जिक्र करते हुए कुछ दिनों पहले बिहार के युवाओं से बहुत दिलचस्प बातचीत हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे हर मुद्दे पर चर्चा हुई और इन सब क्षेत्रों की दुर्दशा के लिए सिर्फ एक गुनहगार है, भाजपा-जनता दल-यू सरकार. बिहार के युवा बखूबी जानते हैं कि पिछले 20 सालों में किस तरह इस मोदी-नीतीश सरकार ने उनकी आकांक्षाओं का गला घोंटा है, प्रदेश को लावारिस बनाकर छोड़ दिया है और हर पैमाने पर गर्त में धकेल दिया है.

> उन्होंने इस संदर्भ में बिहार में शिक्षा की स्थिति का जिक्र करते हुये कहा कि कक्षा 9-10 में ड्रॉपआउट दर में बिहार का देश के 29 राज्यों में 27वां स्थान है जबकि कक्षा 11-12 में नामांकन दर में 28वां स्थान है . इसी तरह से महिला साक्षरता में 28वां स्थान है . सेवा क्षेत्र में रोजगार में 21वां तथा उद्योग/उत्पादन क्षेत्र में रोजगार में 23वां स्थान है .

# तुर्की के पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में 6 .1 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्तांबुल, 28 अक्टूबर (वार्ता) तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे चारो ओर दहशत फैल गई.अधिकारियों ने यह जानकारी दी.**

तुर्की के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी), जो आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है ने 'एक्स' पर बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10:48 बजे सिंदिरगी जिले में आया.

एनटीवी द्वारा प्रसारित फुटेज में भूकंप के झटके महसूस होने पर निवासी सड़कों पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं. ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में कई इमारतें ढहती हुई दिखाई दे रही हैं. भूकंप इस्तांबुल, बर्सा और इज़मिर सहित आस-पास के प्रांतों में भी महसूस किया गया.

> रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों और नुकसान का आकलन करने के लिए आपातकालीन टीमें भेजी गई हैं . अगस्त में, इसी जिले में 6 .1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 29 अन्य घायल हो गए थे .